दैनिक भास्कर 04/10/2023

हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रितु को शिक्षा रत्न सम्मान

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रितु गुप्ता को मोहाली (पंजाब) की एमिटी यूनिवर्सिटी में शिक्षा रत्न सम्मान से नवाजा गया। पृथ्वी अभ्युदय शिक्षाविद् एसोसिएशन ने इसका आयोजन किया। कैंट से इस सम्मान के लिए डॉ. रितु गुप्ता को चुना गया था। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि विभागाध्यक्ष डॉ. रितु गुप्ता को मिले सम्मान से कॉलेज के साथ-साथ क्षेत्र का नाम भी रोशन हुआ है। डॉ. रितु ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बेहतरीन कार्य करती रहेंगी। गुणवत्ता वाली शिक्षा विद्यार्थियों को मुहैया हो, ये उनकी प्राथमिकता होगी।